प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी लागत पर विश्व स्तरीय सामान बनाने के लिए भारत को माना जा रहा सबसे उपयुक्त देश।
- झारखंड मुक्ति मोर्चा ने शिबू सोरेन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकपाल के सीबीआई जांच के आदेश के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में दी चुनौती।
- राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनावी दौरे के क्रम में जमशेदपुर में अधिकारियों के साथ की बैठक, चुनाव की तैयारियों को सराहा।
- झारखंड समेत देशभर में मनायी जा रही ईद, प्रकृति का पर्व सरहुल के अवसर पर आज रांची में निकाली जायेगी शोभायात्रा, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी बधाई।
- मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग में आज और कल तेज हवा के साथ हल्की बारिश की जतायी संभावना।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत को अब वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी लागत पर विश्व स्तरीय सामान बनाने के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है। अमेरिका स्थित एक पत्रिका को दिए साक्षात्कार में श्री मोदी ने कहा कि भारत उन लोगों के लिए एक आदर्श स्थान है जो विश्वसनीय और लचीली आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। श्री मोदी ने कहा कि भारत अंतरिक्ष, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हरित ऊर्जा, अर्धचालक और अन्य भविष्य की प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में कदम रख रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत ने पिछले दस वर्षों में दुनिया का सबसे बड़ा गरीबी उन्मूलन अभियान चलाया है और 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, उनकी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ काम किया है।

********************

झामुमो ने पार्टी के अध्यक्ष शिबू सोरेन और पार्टी से जुड़े लोकपाल के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें लोकपाल ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में सीबीआई को जांच का आदेश दिया है। झामुमो ने लोकपाल के आदेश के खिलाफ दिल्ली हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है। जिसपर 23 अप्रैल को सुनवाई हो सकती है। बता दें कि लोकपाल ने आय से अधिक संपत्ति मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ दाखिल शिकायत पर फैसला सुनाते हुए सीबीआई को जल्द से जल्द जांच करने का आदेश दिया है। बीजेपी के गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दूबे ने 2020 में लोकपाल के समक्ष शिकायतवाद दर्ज करायी थी।

********************

लोक सभा चुनाव की तैयारी को लेकर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के .रवि कुमार कल जमशेदपुर पहुंचे। उन्होंने उपायुक्त अन्नय मित्तल और डीडीसी मनीष कुमार के साथ समीक्षा बैठक कर बूथ स्तर पर की जा रही तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने मतदान केंद्रों और बूथों में भी जाकर स्थिति की जायजा लिया। जमशेदपुर में चुनाव की तैयारी पर उन्होंने संतष्टि जतायी। इस बार बुजुर्गों को लाने, ले जाने के लिए ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा गर्मी को देखते हुए पानी और बैठने की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

********************

जामताड़ा जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 19 अप्रैल को चार लाख से अधिक बच्चों को कृमि रोधी दवा देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

रमज़ान के पवित्र महीने की समाप्ति का प्रतीक ईद–उल–फितर आज मनाया जा रहा है। राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में अकीदतमंद ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर रहे हैं। लोग एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि ईद का त्योहार एकता, क्षमा और दान को बढ़ावा देता है। ईद गरीबों और वंचित लोगों की मदद करने और उनके साथ खुशियां बांटने का मौका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में प्रार्थना की कि यह अवसर करुणा, एकजुटता और शांति की भावना को और फैलाए। इधर झारखंड में ईद के मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने लोगों को बधाई दी है।

********************

ईद–उल–फितर को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण व हर्षोल्लास से संपन्न कराने के लिए धनबाद जिले को सात जोन में बांटा गया है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा जिले के सभी 31 थाना और 23 ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही पूरे क्षेत्र पर जिला प्रशासन की विशेष निगरानी रहेगी। इस अवसर पर जिला नियंत्रण कक्ष आज सुबह छह बजे से 12 अप्रैल की सुबह छह बजे तक 8–8 घंटे की तीन शिफ्ट में कार्यरत रहेगा।

********************

आदिवासियों की ओर से मनाया जाने वाला प्रकृति का सबसे बड़ा त्योहार सरहुल आज पूरे राज्य में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राजधानी रांची में भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। सरहुल की शोभायात्रा समेत अन्य त्योहार को देखते हुए विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए दो हजार से अधिक पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

********************

सरहुल पर्व और ईद को लेकर बिजली वितरण निगम अलर्ट मोड पर है। इस दौरान जेबीवीएनएल मुख्यालय की ओर से क्षेत्रीय आपूर्ति कार्यालयों को विशेष निर्देश दिया गया है। वहीं रांची विद्युत आूपर्ति क्षेत्र की ओर से भी कायार्पालक अभियंताओं को अलर्ट रहने को कहा गया है। अपराह्न 12 बजे के बाद अलग–अलग इलाकों में स्थिति को देखते हुए बिजली काटने का आदेश दिया गया है।

********************

मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिणी और मध्य भागों में आज और कल गरज और तेज हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना जतायी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया है कि अगले अड़तालीस घंटे के बाद मौसम में सुधार होगा और तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोत्तरी देखने को मिलेगी। इधर राजधानी रांची में आज सुबह बादल छाये रहे औश्र छिटपुट बारिश हुई।

********************

आईपीएल क्रिकेट में कल रात जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को आखिरी गेंद पर रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से हरा दिया। 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने अंतिम गेंद पर चौके की बदौलत सात विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाए। आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

- ********************

- पाकुड़ जिले के महेशपुर प्रखंड के कदमदांगा चेकपोस्ट पर तलाशी अभियान के दौरान 19 लाख 80 हजार रुपए जब्त किए गये हैं। लाखों रुपए जब्त होने की पुष्टि उड़नदस्ता टीम के उत्तम वैध ने की है।
- खूंटी से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा 23 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान वे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ रोड शो भी करेंगे। नामांकन के बाद वे सभा को भी संबोधित करेंगे।
- झामुमो रांची के प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को न्याय उलगुलान महारैली आयोजित करेगा। इसकी तैयारी को लेकर जमशेदपुर में सीताराम डेरा स्थित आदिवासी क्लब में कल बैठक हुई। बैठक में तय किया गया है कि जिले से बड़ी संख्या में लोग रांची पहुंचेंगे।

********************

अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने पूर्व विधायक पौलूस सुरीन और उग्रवादी जेठा कच्छप को उम्रकैद की सजा होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा..
प्रभात खबर ने लोबिन हेंब्रम के राजमहल से चुनाव लड़ने की घोषणा को प्रकाशित किया है। दैनिक भास्कर और दैनिक जागरण ने बहरागोड़ा में खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से मलबे में दबकर तीन महिलाओं की मौत की खबर को पहले पेज पर जगह दी है। हिन्दुस्तान ने लोकपाल के आदेश के खिलाफ झामुमो द्वारा दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौति देने की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।
वहीं अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने संदेशखाली मामले में सीबीआई जांच के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश की खबर को प्रमुखता दी है।

********************